## महत्वपूर्ण एवं खास

### राधा कृष्ण मंदिर से निकाली शोभा यात्रा

**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 12 शारदा विहार अमरैय्यापारा स्थित राधाकृष्ण मंदिर में आज जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। दोपहर में यहां से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें शामिल हुए। मंदिर की साज-सज्जा इस अवसर पर विशेष रूप से की गई। सुबह से यहां विधि विधान से अनुष्ठान किये गये। हिंदू समाज की भागीदारी कार्यक्रम में सुनिश्चित हुई। गाजे-बाजे के साथ दोपहर को यहां से शोभायात्रा निकाली गई। आकर्षक रथ में भगवान की तस्वीर रखी गई। बच्चे भी यहां पर आकर्षक वेषभूषा में नजर आई। विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करने के दौरान लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। राधा-कृष्ण मंदिर के पदाधिकारी ने बताया कि आज सायं को यहां भजन कीर्तन और कई प्रतियोगिताएं रखी गई है। अर्ध रात्रि को भगवान का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। और इसकी खुशिया साझा की जायेंगी।

### कृष्ण कुंज का जन्माष्टमी पर्व में हुआ लोकार्पण

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र के रिस्दी में तैयार किये गए कृष्ण कुंज का जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में लोकार्पण किया गया। कृष्ण कुंज में धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के पौधे रोपे गए हैं। इनकी सुरक्षा के लिए विशेष प्रयास किया जाएगा। लोकार्पण मौके पर विधायक ननकीराम कंवर ने सरकार की पहल को बेहतर बताया और कहा कि ऐसा करने से लोगों की धर्म के प्रति निष्ठा मजबूत होगी। कलेक्टर संजीव झा ने संक्षिप्त में अपनी बात रखी और योजना के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। बताया गया कि इस परिसर में पौधों के अलावा कई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह परिसर जन महत्व का बनेगा।

### भाजपाइयों ने घटना की निंदा की

**कोरबा।** राजस्थान के दलित छात्र के मौत के मामले की भाजपाइयों ने निंदा की है। पूर्व सभापति रामनारायण सोने व व्यापारी प्रकोष्ठ के पूर्व जिला सहसंयोजक संजीव शर्मा ने दलित छात्र के परिजनों को सहायता राशि एवं एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग की है। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरजू अजय, महामंत्री बबलू डहरिया ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार यहां पर दलितों की सुरक्षा नहीं हो पा रही है। युवा मोर्चा के कोसाबाड़ी नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश सेन, सिद्धांत नारायण सोनी, पिंकु रंजन, सुभाष राठौर ने भी घटना की निदा की है। बांकीमोंगरा के वरिष्ठ नेता डॉ जेपी चंद्रा, लखन राठौर व मुकुल कर्ष ने भी घटना की जमकर निंदा की है।

### नहाने के दौरान तेज़ बहाव में बह गई दो सहेलियां,एक की मौत, दूसरी गंभीर

**बेमेतरा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में नहाने के दौरान नाले में नहाने गए दो सहेलियां पानी के तेज बहाव में बह गए जिसमें से एक की मौत हो गई वहीं दूसरे को गंभीर अवस्था में अस्पताल दाखिल कराया गया है जहां उसका उपचार जारी हैं। मिली जानकारी के अनुसार मामला खमरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चुहका का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव की दो सहेलियां कुमारी ज्योति पटेल व रागिनी यादव गौठान के पास स्थित डोटू नाले में नहाने गए थे इसी दौरान पानी के तेज बहाव में दोनों सहेलियां बहने लगी वहीं पास में बकरी चरा रहे सीताराम यादव ने बच्चों की आवाज सुनी और तत्काल उन्होंने नाले में छलांग लगा दी लेकिन एक बच्ची रागिनी यादव की बाल को पकडक़र उसे बाहर निकाला और दूसरी बच्ची उसने ढूंढना शुरू किया लेकिन वह कहीं नहीं दिखाई, कुछ दूर खेतों में काम कर रहे लोगों ने उस बच्ची को बाहर निकाला और तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा भेजा गया जहां डॉक्टर ने कुमारी ज्योति पटेल उम्र 13 साल की बच्ची को मृत घोषित कर दिए वही रागिनी यादव उम्र 11 साल का इलाज जारी हैं।

### महिला नक्सली केएएमएस सदस्या ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन लोन वर्राटू (घर वापस आईये) अभियान के तहत आज मलांगेर एरिया कमेटी अन्तर्गत ग्राम रेवाली पंचायत में सक्रिय महिला नक्सली केएएमएस सदस्या मासे नुप्पो ने थाना अरनपुर में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित महिला नक्सली मासे नुप्पो के ऊपर अलग-अलग थानों में कई मामले पंजीकृत है, एसपी दंतेवाड़ा द्वारा महिला नक्सली मासे नुप्पो पर 10 हजार रूपये का इनाम भी घोषित था। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 136 ईनामी नक्सली सहित कुल 550 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

# मुख्यमंत्री आज राज्य के किसानों, पशुपालकों, गौठान समितियों और समूहों को ऑनलाइन जारी करेंगे 1750 करोड़ रूपए

**गौठानों से जुड़ी महिला समूहों को हो चुकी 78.62 करोड़ रूपए की आमदनी**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 20 अगस्त शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर राज्य के किसानों, पशुपालक ग्रामीणों, गौठान समितियों और महिला स्व-सहायता समूहों को 1750 करोड़ 24 लाख रूपए की राशि उनके बैंक खाते में ऑनलाइन जारी करेंगे। यह राशि छत्तीसगढ़ सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के तहत दी जाएगी। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वर्चुअल रूप से राज्य के जनप्रतिनिधियों, किसानों, गौपालकों एवं समूहों की महिलाओं से चर्चा करेंगे।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 20 अगस्त को राज्य के 26 लाख 21 हजार किसानों को इस साल की इनपुट सब्सिडी की दूसरी किस्त के रूप 1745 करोड़ रूपए की राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। इससे पूर्व 21 मई 2022 को राज्य के किसानों को इस योजना की प्रथम किस्त के रूप में 1745 रूपए का भुगतान किया गया था। राजीव गांधी किसान न्याय योजना छत्तीसगढ़ खरीफ वर्ष 2019 से लागू की गई है। इस योजना के तहत अब तक किसानों को 12 हजार 920 करोड़ रूपए की इनपुट सब्सिडी दी जा चुकी है। 20 अगस्त को द्वितीय किस्त के भुगतान के बाद यह राशि बढक़र 14 हजार 665 करोड़ हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि खरीफ 2019 में 18.43 लाख किसानों को 4 किस्तों में इनपुट सब्सिडी के रूप में 5627 करोड़ रूपए, खरीफ वर्ष 2020 के 20.59 लाख किसानों को 5553 करोड़ रूपए की इनपुट सब्सिडी दी जा चुकी है। इस योजना के तहत किसानों को इनपुट सब्सिडी की यह राशि राज्य में फसल उत्पादकता एवं फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने तथा काश्त लागत को कम करने के उद्देश्य से दी जा रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 20 अगस्त को ही गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालक ग्रामीणों, गौठान समितियों और महिला स्व-सहायता समूहों को 5 करोड़ 24 लाख रूपए की राशि जारी करेंगे। गोधन न्याय योजना के तहत बीते दो सालों में गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों और महिला समूहों को 330 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। 20 अगस्त को इस योजना की 50वीं किस्त की राशि 5.24 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह आंकड़ा बढक़र 335 करोड़ 24 लाख रूपए हो जाएगा। गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में दो रूपए किलो में गोबर की खरीदी की शुरूआत 20 जुलाई 2020 से हरेली पर्व से की जा रही है। गौठानों में 15 अगस्त 2022 तक 79.12 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है। राज्य में 8408 गौठान निर्मित और संचालित हैं, जहां 2 लाख 52 हजार से अधिक पशुपालक ग्रामीण गोबर बेच कर सीधे लाभान्वित हो रहे हैं, इसमें 1 लाख 43 हजार से अधिक भूमिहीन शामिल हैं।

गोधन न्याय योजना देश-दुनिया की इकलौती ऐसी योजना है, जिसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य के गौठानों में 2 रूपए किलो की दर से गोबर तथा 4 रूपए लीटर की दर से गौमूत्र की खरीदी की जा रही है। गौठानों में 31 जुलाई तक खरीदे गए गोबर के एवज में गोबर बेचने वाले ग्रामीणों को 155.60 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है। 20 अगस्त को गोबर विक्रेताओं को 2.64 करोड़ रूपए का भुगतान होने के बाद यह आंकड़ा बढक़र 158.24 करोड़ रूपए हो जाएगा। गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को अब तक 151.60 करोड़ रूपए राशि की भुगतान किया जा चुका है। गौठान समितियों तथा स्व-सहायता समूह को 20 अगस्त को 2.60 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह आंकड़ा बढक़र 154.02 करोड़ रूपए हो जाएगा।

गौठानों में महिला समूहों द्वारा गोधन न्याय योजना के अंतर्गत क्रय गोबर से बड़े पैमाने पर वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट प्लस एवं अन्य उत्पाद तैयार किया जा रहा है। महिला समूहों द्वारा 17.27 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट तथा 5.21 लाख क्विंटल से अधिक सुपर कम्पोस्ट एवं 18,924 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट प्लस खाद का निर्माण किया जा चुका है, जिसे सोसायटियों के माध्यम से शासन के विभिन्न विभागों एवं किसानों को रियायती दर पर प्रदाय किया जा रहा है। महिला समूह गोबर से खाद के अलावा गो-कास्ट, दीया, अगरबत्ती, मूर्तियां एवं अन्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय कर लाभ अर्जित कर रही हैं। गौठानों में महिला समूहों द्वारा इसके अलावा सब्जी एवं मशरूम का उत्पादन, मुर्गी, बकरी, मछली पालन एवं पशुपालन के साथ-साथ अन्य आय मूलक विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिससे महिला समूहों को अब तक 78.62 करोड़ रूपए की आय हो चुकी हैं। राज्य में गौठानों से 13,969 महिला स्व-सहायता समूह सीधे जुड़े हैं, जिनकी सदस्य संख्या 83,874 है। गौठानों में क्रय गोबर से विद्युत उत्पादन की शुरुआत की जा चुकी है।

## निदान अभियान के तहत यातायात नियम तोड़ने वाले पर हुई कार्यवाई



**कोरबा।** जिले में पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा दुर्घटनाविहीन कोरबा का संकल्प लेकर निदान अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत जागरूकता के साथ ही पुलिस एवं यातायात पुलिस द्वारा कल बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 से ज्यादा नियम तोडऩे वालों को कब्जे में लेकर उनसे 50 हजार से ज्यादा जुर्माना राशि वसूल किया गया।

जानकारी के अनुसार एसपी सिंह के निदान अभियान के तहत पहले चरण में स्कूलों, हाटबाजारों एवं साप्ताहिक बाजारों तथा चौक चौराहों में यातायात डीएसपी शिवचरण परिहार के निर्देशन में आम लोगों एवं छात्र-छात्राओं, बाजार आने वाले क्रेता एवं विक्रेताओं को यातायात नियमों का अनुपालन करते हुए वाहन चलाये जाने की समझाइश दी गई है। इसी अभियान के द्वितीयचरण में जिला पुलिस के विभिन्न थाना एवं चौकियों के प्रभारी एवं उनके मातहतो द्वारा मोव्ही एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई का सिलसिला कल से व्यापक पैमाने पर शुरू कर दिया। बताया जाता है कि यातायात डीएसपी परिहार के नेतृत्व में निदान अभियान के तहत जागरूकता एवं कार्रवाई की टीम का लीड करते हुए एएसआई मनोज राठौर, घनश्याम सिंह राजपूत,तरूण जायसवाल, राजेन्द्र पांडेय, सुदामा पाटले एवं प्रधान आरक्षक साहेब खटकर, संतोष सिंह तथा आरक्षक रामकुमार चंद्रा, बृजेन्द्र केला, उमेश भैना, रवि डहरिया, राजा, अजय राजवाड़े ने कल 30 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 50 हजार रूपए जुर्माना राशि वसूल किया। इसी तरह यातायात नियम तोडऩे 28 लोगों पर प्रकरण तैयार कर उनके ऊपर 30 हजार से ज्यादा जुर्माने की कार्रवाई रजगामार चौकी प्रभारी सुरेश जोगी द्वारा की गई है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए कौशंबी सम्मानित



**कोरबा।** सीएसईबी ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा जिले के 122 कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरुस्कृत किया गया। इसमें मंडल संयोजक कौशंबी गभेल भी शामिल थी। उन्हें अपने पदीय दायित्व के अलावा उच्च अधिकारियों के द्वारा सौंपे गए कार्यों को पूर्ण जबाबदारी के साथ कार्य कुशलता से करने के कारण स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर संजीव कुमार झा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हाथियों का उत्पात जारी: मकान व फसलों को किया नुकसान



**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा के केंदई व पसान रेंज में हाथियों का उत्पात नहीं थम रहा है। जिससे ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है जहां 22 की संख्या में घुम रहे हाथियों ने खम्हरिया गांव में एक ग्रामीण के घर को तोड़ दिया वहीं चार लोगों के बाड़ी में लगे भुट्टा व अन्य फसल को नुकसान पहुंचाया। यह दल रात में पसान रेंज की सीमा को पार कर मरवाही क्षेत्र में चला गया था लेकिन वहां के ग्रामीणों द्वारा पुन: खदेड़ दिये जाने से सुबह होने से पहले खम्हरिया लौट गये और उत्पात मचाते हुए मकान व फसल को क्षति पहुंचाया। उधर 18 हाथी केंदई रेंज के कापा नवापारा में घुम रहे है। इस दल ने भी चार किसानों की फसल रौंद दी है। हाथियों द्वारा फसल रौंदे जाने की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच कर नुकसानी का आंकलन कर रहे है।

## पुलिस महकमे में फिर तबादले की प्रक्रिया शुरू, थाना और चौकियों के बदले जाएंगे प्रभारी



**कोरबा।** जिले के पुलिस महकमे में एक बार फिर बड़े स्तर पर तबादले की प्रक्रिया शुरू होने की खबरें अंदर ही अंदर सुगबुगाहट के रूप में शुरू हो गई है। इसमें निरीक्षक से लेकर आरक्षकों तक के प्रभावित होने की संभावना जतायी जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में पुलिस अधीक्षक का पदभार संभालने के बाद संतोष सिंह के द्वारा शुरू में आंशिक तौर पर कुछ पदस्थापनाएं की गई थी। लेकिन आने वाले दिनों में जिले में अपराध नियंत्रण से लेकर विभिन्न प्रकार के शांति व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती भी पुलिस के समक्ष आ सकती है, इसलिए संवेदनशील एसपी सिंह ने जिले के पुलिस विभाग के थाना एवं चौकियों के प्रभारी से लेकर सामान्य स्टाफ तक की गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर रखे रहते हैं। ताकि पुलिस की छवि को कोई खराब न कर सकें। चूंकि पुलिस विभाग का एक खास नियम है कि जो भी कप्तान जिस भी जिले में अपनी पारी शुरू करता है तो ओपनर से लेकर बॉलर एवं फिल्डरों तक की टीम को अपने अनुरूप सवांरता है। इसलिए माना जा रहा है कि जन्माष्टमी त्योहार के बाद जिले के पुलिस महकमे में बड़े पैमाने पर तबादले की एक लिस्ट जारी होगी। उल्लेखनीय है कि जिले में सभी थानों में पूर्व पुलिस अधीक्षक के द्वारा की गई व्यवस्थाओं के तहत निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक तथा प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक अपने-अपने वर्तमान पदस्थापना स्थलों पर कार्यरत है। ऐसे में नए कप्तान द्वारा नई व्यवस्था के तहत स्थानांतरण की जो प्रक्रिया अपनाएं जाने की खबरें सूत्रों से आ रही है उसके अनुसार कई एक निरीक्षक से लेकर सामान्य आरक्षक तक इसमें प्रभावित हो सकते हैं।

## एनकेएम स्कूल में मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव



**कोरबा।** अंचल के उत्कृष्ट विद्यालय एन के एम लायंस पब्लिक स्कूल मडवारानी में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय कि प्राचार्या डॉ. प्रियंका गुप्ता के नेतृत्व में लायंस पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित कर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

सर्व प्रथम गोपाल कृष्ण के मनोहारी मूर्ति की पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। जिसमे नन्हें-नन्हें बच्चों के माध्यम से राधाकृष्ण के पोशाक में अत्यंत मनोहरी झांकी प्रस्तुत कि गयी, माखनचोर की थीम पर मटकी फोड़ का कार्यक्रम रखा गया। कृष्ण के जीवन से जुड़े अनेक प्रसंगों का सटीक चित्रण बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया जो देखते ही बनता था। कालिया वध, कंस वध, माखन चोरी, कृष्ण सुदामा की मित्रता, गोवर्धन पर्वत आदि अनेक बाल लीलाओं का बहुत ही सुन्दर मंचन किया गया। सभी छात्रों नें राधा-कृष्ण के परिधान में दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या डॉ.प्रियंका गुप्ता ने कहा कि राम का जीवन अनुकरणीय है किन्तु कृष्ण का जीवन स्मरणीय है, कान्हा जी नें अपनी पूरी जिंदगी को संघर्षो में ही गुजारा है, किन्तु उन्होंने सत्य का साथ नहीं छोड़ा सत्य पर अडिग रहते हुए विश्व का कल्याण किया है। कृष्ण के बाल लीला को देखें तो वात्सल्य का असीम अनुराग छिपा है युवावस्था के लीलाओं को देखें तो निस्वार्थ और समर्पित प्रेम का सन्देश है जिन्होंने मानवता के कल्याण के लिए गीता का ज्ञान दिया ऐसे स्वयं प्रभु परमात्मा का हमेशा ध्यान करना चाहिए और उनके चरणों में अपनी समस्त आसक्ति कि भेंट चढ़ा देनी चाहिए। कार्यक्रम के प्रायोजक शिक्षिका ज्योति विश्वकर्मा रहीं जिन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन कर कार्यक्रम सम्पन्न कराया तथा पुरे विद्यालय परिवार नें कार्यक्रम का आनंद उठाया।

## विद्युत वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं, पथर्रीपारा क्षेत्र में तीन दिन से अंधेरा



**कोरबा।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में काफी प्रयास करने के बावजूद विद्युत वितरण व्यवस्था सुधार नहीं पा रही है। तकनीकी खामियों के कारण शहर में कहीं न कहीं रोजाना बिजली गुल होती है जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

वार्ड नंबर 18 पथर्रीपारा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बिजली नहीं है जिससे लोगों को काफी दिक्कतें हो रही है। परेशान लोग विभागीय अधिकारियों को समस्या बताते हैं, लेकिन अधिकारियों के बुरे बर्ताव से उनके आक्रोश पनपता ही जा रहा है। अपनी बिजली से देश के कई राज्यों को रौशन करने वाला कोरबा जिला अपने ही लोगों को बिजली मुहैया नहीं करा पा रहा है। शहर के अलग-अलग ईलाकों में हमेशा बिजली संबंधी समस्या बनी रहती है लेकिन उसके समाधान को लेकर अधिकारियों का रवैया नकारात्मक नजर आ रहा है। शहर के वार्ड नंबर 18 पथर्रीपारा ईलाके में पिछली तीन दिनों से बिजली गुल है। ट्रांसफार्मर में खराबी आ जाने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परेशान लोग कोसाबाड़ी स्थित वितरण कार्यालय पहुंचे लेकिन वहां भी अधिकारियों ने समस्या का समाधान करने के बाद लोगों के साथ बुरा बर्ताव किया और उन्हें चलता कर दिया। लोगों का कहना है, कि बिजली बिल वसूली के लिए विभाग कनेक्शन तक काट देता है लेकिल सुविधाएं देने के समय अपना पल्ला झाड़ लेता है। पथर्रीपारा की तरह अन्य क्षेत्रों में भी बिजली की समस्या से लोग जूझ रहे हैं लेकिन विभाग समस्या का समाधान नहीं कर पा रहा है जिससे बरसात के इस मौसम में लोगों को परेशानी बढ़ती जा रही है। लोगों की समस्याओं का समाधान अगर जल्द नहीं किया गया तो उनका आक्रोड़ सडक़ पर फूटने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU